<u>संदेश</u>

चैत्र शुक्लादि, उगादी, गुड़ी पड़वा, चेटी चंड, नवरेह और साजिबु चेरोबा के शुभ अवसर पर, मैं सभी देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

ये त्योहार वसंत ऋतु और भारतीय नव वर्ष के स्वागत में देश के अलग-अलग हिस्सों में मनाए जाते हैं। ये सभी त्योहार शांति, सौहार्द और सहिष्णुता का संदेश देते हैं। ये पर्व हमारे देश के सांस्कृतिक वैभव और समृद्ध विरासत के प्रतीक हैं। इन पर्वों के माध्यम से हम प्रकृति के प्रति अपनी कृतज्ञता भी प्रकट करते हैं।

मैं कामना करती हूं कि ये पर्व सबके जीवन में सुख और समृद्धि लेकर आएं तथा हम सब नव ऊर्जा के साथ देश के विकास कार्यों में अपना योगदान दें।

****